हम लोकतंत्र के प्रति वचनबद्ध हैं। हमारा एक प्रभुसत्तासंपन्न गणराज्य है। अतः हमने विद्यमान शब्दों का प्रतिस्थापन प्रभुतासम्पन्न समाजवादी धर्मनिरपेक्ष गणतंत्र शब्दों से किया है। संविधान की

प्रस्तावना से स्पष्ट होना चाहिए कि संविधान किस प्रकार का है। अतः मेरा सुझाव है कि धर्मनिरपेक्ष शब्द के बाद लोकतांत्रिक और संघीय गणराज्य शब्दों को जोड़ा जाए। हमें इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि हमारे देश में कई प्रकार की भाषाएं बोली जाती हैं। यहां कई धर्मों के मानने वाले लोग हैं तथा वह विभिन्न जातियों और सम्प्रदायों के हैं। इस देश की संस्कृति मिश्रित है तथा इस देश का समाज बहुमुखी है। अतः संविधान में संशोधन करते समय हमें इन सभी तथ्यों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। अतः उनका यह कर्त्तव्य है कि वह **'संघीय'** जैसे विशिष्ट शब्द की अन्तःस्थापना संविधान की प्रस्तावना में करें।

राष्ट्रविरोधी गतिविधि के सम्बन्ध में उल्लेख किया गया है प्रान्तीयता यह बहुत घातक है लेकिन कुछ गैर-हिन्दी भाषी क्षेत्रों में कई अनिच्छुक लोगों पर कई चीजें जबर्दस्ती थोपी जा रही हैं और प्रधान मंत्री को इनकी जानकारी नहीं है। अतः गैर हिन्दी भाषी लोगों के हितों की रक्षा के लिए कोई तरीका ढूंढा जाना चाहिए। पंडित नेहरू ने आश्वासन दिया था कि गैर-हिन्दी भाषी लोगों के साथ हिन्दी सीखने के मामले में जबर्दस्ती नहीं की जाएगी। हम इस सम्बन्ध संवैधानिक संरक्षण चाहते हैं।

जहां तक राज्यों के विषयों को केन्द्र को अंतरित करने और केन्द्र के विषयों को राज्यों को अंतरित करने का सम्बन्ध है यह कहा गया है कि न तो राज्य सूची के विषय केन्द्र को सौंपे गए हैं और न ही केन्द्रीय सूची के विषय राज्य सूची में रखे गए हैं। लेकिन शिक्षा को आपने राज्य सूची से निकाल कर समवर्ती सूची में रखा है। राज्य के अधिकारों को जानबूझ कर कम किया जा रहा है अतः वर्तमान ढांचे को छोड़ा नहीं जाना चाहिए। इसी प्रकार सशस्त्र सेनाओं की नियुक्ति के मामले में भी हम समझ नहीं पा रहे कि वर्तमान पद्धति को क्यों बदला जा रहा है। अब तक राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार के बीच पूर्ण समन्वय है। इस विशिष्ट खण्ड को जोड़ने की क्या आवश्यकता आन पड़ी है। वास्तव में इस खण्ड के पुरःस्थापन द्वारा हम प्रत्येक राज्य में समांतर शक्ति पैदा कर देंगे।

यदि किसी समय कोई राज्य सरकार केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकार किये गये निदेशक सिद्धांतों का पालन करने से इंकार कर देती है तो संसद् तथा केन्द्र को यह अधिकार होना चाहिये कि वह उस सरकार को भंग कर सके।

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए]
[Mr. Deputy Speaker in the Chair]

कुछ लोगों को यह धारणा है कि हम केन्द्र को अधिक शक्तिशाली बनाते जा रहे हैं तथा राज्यों को शक्तियां कम करते जा रहे हैं। हमें लोगों के मन से यह भ्रामक धारणा समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयत्न करना चाहिए।

अनुच्छेद 74 में संशोधन करके कार्यपालिका को अनेक शक्तियां प्रदान की जा रही हैं। कार्यपालिका को इतना अधिक शक्तिशाली बनाया जा रहा है कि अब राष्ट्रपति के पास केवल उनकी सलाह मानने के और कोई अन्य रास्ता नहीं रह जायेगा।

एक अन्य बात है जिसे पता नहीं वह परस्पर विरोधी समझते हैं या नहीं। खण्ड 59 के अनुसार राष्ट्रपति को अथाह शक्ति प्रदान की जा रही है। उसे दो वर्षों के लिए सभी प्रकार की शक्तियां प्रदान की जा रही हैं। परन्तु यह व्यवस्था संतोषजनक है कि राष्ट्रपति को कार्यपालिका की मंत्रणा के अनुसार ही कार्य करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री द्वारा जो 20 सूत्रीय कार्यक्रम आरंभ किया गया है उसे कुछ राज्यों द्वारा ईमानदारी से क्रियान्वित नहीं किया जा रहा है। अतः प्रधानमंत्री को 20 सूत्रीय कार्यक्रम तथा युवा नेता संजय गांधी

के 5 सूत्रीय कार्यक्रम की क्रियान्विति के बारे में भी कुछ स्पष्ट करना चाहिए । मेरे राज्य तमिलनाडु में इस कार्यक्रम को ठीक ढंग से क्रियान्वित नहीं किया जा रहा है। मेरे दल के लोग जब कभी भी जन संबोधन के लिए सभा आदि के आयोजन के लिए मंजूरी मांगते हैं तो उन्हें पुलिस द्वारा ऐसा करने की अनुमति नहीं दी जाती। आखिर यह सब क्या है ?

मेरे मित्र श्री फ्रैंक एन्थनी द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम की बात की गई है। 20 वर्ष के बाद हमारे देश की जनसंख्या 100 करोड़ के लगभग हो जायेगी। अतः हमें ऐसी व्यवस्था करनी चाहिये जिसके अनुसार नव दम्पत्ति यह शपथ लें कि वह अपने बच्चों की संख्या 2 तक ही सीमित रखेंगे।

जहां तक संविधान में शक्तियों से सम्बद्ध अध्याय को जोड़ने का सम्बन्ध है, मैं पूर्णतया उसके पक्ष में हूं। यदि संभव हो सके तो हमें नागरिक के मूल कर्तव्यों वाले अध्याय में यह जोड़ देना चाहिये कि मतदान की आयु प्राप्त करने पर, मतदाता के लिए यह अनिवार्य होगा कि वह देश के व्यापक हित को दृष्टिगत रखते हुए ही अपना मतदान करें।

इस समय केन्द्र तथा राज्यों के बीच तो संतुलन बना हुआ है, शक्तियों का जो विभाजन हुआ है, वह निश्चय ही सराहनीय है तथा उसमें कोई भी फेर बदल नहीं किया जाना चाहिए। अन्त में मैं यही निवेदन करना चाहता हूं कि जहां तक स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा भाषा के संबंध में दिये गये आश्वासनों का सम्बन्ध है, उन्हें भी इन संविधान संशोधनों में उपयुक्त स्थान दिया जाना चाहिये । यदि संस्कृत को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिया जा सकता है तो फिर अंग्रेजी को जो भारत के आंग्ल-भारतीय समुदाय की भाषा है, आठवीं अनुसूची में शामिल क्यों नहीं किया जा सकता ? विधेयक के न्यायिक पक्ष के बारे में मैं अभी कुछ नहीं कहना चाहता।

श्री सी० एम० स्टीफन (मुक्तपुजा) : संविधान संशोधन संबंधी विषय पर गत अनेक महीनों से होती चली आ रही राष्ट्रीय बहस अब लगभग अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। इन संशोधनों के कर दिये जाने पर देश के सभी लोगों की आकांक्षाओं को क्रियान्वित करना आसान हो जायेगा। एक लम्बे समय से कांग्रेस पार्टी संविधान में संशोधन करने के संसद के अधिकार के बारे में विचार कर रही थी तथा इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए स्वर्ण सिंह समिति का गठन भी किया गया। स्वर्ण सिंह समिति की रिपोर्ट को सरकार ने स्वीकार कर लिया है तथा अब इसे चवालीसवें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में कानूनी रूप दिया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने देश के कोने कोने में भ्रमण करके लोगों के विचारों को जानने का प्रयत्न किया है। समिति को लगभग 4,000 के करीब ज्ञापन प्राप्त हुये थे।

यह विधेयक एक वास्तविक राष्ट्रीय बहस के आधार पर तैयार किया गया है। खेद की बात है कि कुछ पार्टियों ने वाद-विवाद का बहिष्कार कर दिया है।

साम्यवादी पार्टी (मार्क्सवादी) संविधान के संशोधन के मामले पर बैठकों में भाग लेती रही है परन्तु न जाने क्यों उन्होंने सभा में अब यह रुख अपनाया है ।

गत 25 वर्षों में अनेक बड़े बड़े परिवर्तन हुए हैं। न्यायपालिका के बारे में सारभूत बातें हुई हैं। इसमें उच्चतम न्यायालय की शक्ति कम नहीं हुई है। पहले उच्चतम न्यायालय ऐसे मामलों को, जिन पर विभिन्न उच्च न्यायालयों में विचार हो रहा हो, उच्च न्यायालय से वापस नहीं मंगा सकता था। अब उच्चतम न्यायालय समुचित परिस्थितियों में मामलों को मंगा सकेगा।

अब उच्चतम न्यायालय में मामले लाये जा सकेंगे। पहले ऐसा नहीं हो सकता था। अब न्यायाधिकरणों की स्थापना की जायेगी और उच्चतम न्यायालय को उनके निर्णयों पर विचार करने का अधिकार

होगा। इस प्रकार उनके अपीलीय क्षेत्राधिकार को बनाये रखा जा रहा है। उच्चतम न्यायालय के क्षेत्राधिकार में किसी न्यायिक निर्णय या सांविधिक निर्णय को हटाया नहीं गया है। यह कहना कि उच्चतम न्यायालय की शक्तियों में कमी की गई है, तथ्यों के विपरीत है।

उच्च न्यायालयों के मामले में कुछ कार्यवाही की गई है। उच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार अब तक क्षेत्रीय दृष्टि से सीमित था। उनके पास क्षेत्राधिकार के बाहर रिट जारी करने का अधिकार नहीं था। अब उन्हें दो अतिरिक्त अधिकार दिये गये हैं। पहला तो यह कि उच्च न्यायालय अपने क्षेत्राधिकार के अधीन किसी भी व्यक्ति को रिट जारी कर सकता है बशर्ते कि वाद के कारण की घटना वहीं पर घटी हो। दूसरे उन्हें अब भाग 3 में उल्लिखित उद्देश्यों से अतिरिक्त उद्देश्यों के लिए भी रिट जारी करने का अधिकार दिया गया है। अब उच्च न्यायालयों को मौलिक अधिकारों तथा अन्य उद्देश्यों के लिए रिट जारी करने का अधिकार है। उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार में न्यायाधिकरण भी आ गये हैं। अनुच्छेद 227 के अंतर्गत उन्हें प्रशासनिक पर्यवेक्षण का काम सौंपा गया था। लेकिन जिस संविधान के किसी अनुच्छेद के प्रावधान के अभाव में उन्होंने इस अधिकार का प्रयोग निर्णयों के रद्द करने के लिए शुरु कर दिया है। अतिरिक्त आदेश जारी किये गये और रोकादेश जारी किये जा रहे थे। मुझे पता चला है कि लगभग 80,000 रिट जिनका लाखों लोगों से सम्बन्ध है, बकाया लम्बित हैं।

इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए, उच्च न्यायालयों की शक्तियां कम कर दी गई हैं। अब भी उनको यह अधिकार प्राप्त है कि यदि किसी मामले में बैंच में अपेक्षित बहुमत है तो वह कानून को अवैधानिक घोषित कर सकते हैं। केवल अन्य उद्देश्यों के अंतर्गत उन्हें क्षेत्राधिकार से वंचित किया गया है।

जहां तक न्यायाधिकरणों के निर्णयों का संबंध है, अपीलीय निर्णय का अधिकार सर्वोच्च न्यायालय को दिया गया है। क्षेत्राधिकार पर प्रभाव पड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय की सर्वोच्चता बनायी रखी गयी है। प्रशासनिक प्राधिकार बढ़ा दिये गये हैं, मामलों को उच्चतम न्यायालय में भेजा जा सकता है और वह ऐसे मामलों में निर्णय दे सकते हैं। जहां तक उच्च न्यायालयों का संबंध है उन्हें राज्य के कानूनों से निपटने की छूट दी गई है।

जिला न्यायाधीशों को नियुक्ति करने के लिए हमारा विचार अखिल भारतीय न्यायिक सेवा बनाने का है और जिला न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति उन्हीं लोगों में से की जायेगी जो कि न्यायिक सेवा में आने की योग्यता रखते होंगे। देश की अखण्डता, एकता तथा देश में न्यायिक एक रूपता बनाये रखने के लिये यह आवश्यक है कि अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का गठन किया जाये।

आपात शक्तियों के अनुच्छेद 352 के सम्बन्ध में एक अन्य खण्ड भी है। इसमें दो संशोधन किये जा रहे हैं। अब राष्ट्रपति को यह शक्ति प्रदान की जा रही है कि वह सम्पूर्ण देश या देश के किसी भी भाग के लिए संपूर्ण राज्य या राज्य के किसी भाग के लिए आपात स्थिति की घोषणा कर सकता है। अब राष्ट्रपति को यह शक्ति भी होगी कि वह किसी क्षेत्र विशेष में आपात स्थिति की घोषणा कर सकेगा।

एक अन्य महत्वपूर्ण संशोधन चुनाव संबंधी अयोग्यताओं के बारे में किया जा रहा है। अभी तक लाभ का पद शब्दावली सुस्पष्ट नहीं थी इसलिए अब यह प्रस्ताव है कि संसद लाभ के पद शब्दावली का पूर्णतया परिभाषित करे जिस के कारण कोई व्यक्ति संसद सदस्य न हो सकेगा। यदि संसद किसी पद को लाभ के पदों की सूची में शामिल नहीं करती तो उस पद को धारण करने वाले पदाधिकारी को संसद सदस्य होने से वंचित न किया जाए। इसमें कोई विचित्र बात नहीं है। संसद को यह स्पष्ट करना

चाहिए कि किन किन पदों को धारण करने वाले अधिकारी संसद सदस्य न हो सकेंगे। हमारे देश में सरकारी क्षेत्र का विस्तार हो रहा है। यह विचित्र होगा कि जनता के प्रतिनिधियों को सरकारी क्षेत्र में कोई स्थान प्राप्त न हो। इस समय कोई निर्वाचित प्रतिनिधि सरकारी क्षेत्र में कोई पद धारण नहीं कर सकता। इस स्थिति में परिवर्तन करना होगा और इसीलिए यह संशोधन लाया गया है।

जहां तक सशस्त्र सेनाओं की नियुक्ति का सम्बन्ध है यदि भारत सरकार की सशस्त्र सेनाएं किसी राज्य में प्रशासन की सहायता हेतु भेजी जाती हैं तो इसमें क्या बुराई है। अब तक स्थिति यह थी कि सशस्त्र सेनाओं की उस टुकड़ी पर कानूनी रूप से तथा संवैधानिक रूप से स्थानीय प्राधिकारियों का नियंत्रण होता था।

इस विधेयक में हमारे समाज के विभिन्न वर्गों के विचार और भावनाओं की झलक मिलती है। सदन के समक्ष समय-समय पर जो विभिन्न संवैधानिक संशोधन रखे गये उनमें प्रकट की गई सरकारी विचारधाराओं को भी इसमें शामिल किया गया है।

यह एक महत्वपूर्ण विधेयक है। 25 वर्ष के अनुभव के बाद हम ऐसी स्थिति में पहुंचे हैं जहां से हमें तेजी से आगे बढ़ना होगा। संविधान को राष्ट्र की भावनाओं का प्रतीक होना चाहिए। इसमें उस पवित्र शपथ की पुनः पुष्टि करनी होगी जो हमने ली थी। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावना में संशोधन किया जा रहा है। इसमें दो बातें शामिल की गई हैं धर्म निर्पेक्षता और समाजवाद। हम इनके प्रति वचनबद्ध हैं। इनसे कभी पीछे नहीं हटेंगे।

विधेयक में कुछ उपबन्धों की गहराई से जांच करने की आवश्यकता है। उदाहरणार्थ खण्ड 55 प्रभुसत्ता के लिय बहुत घातक है। खण्ड 55 में कहा गया है कि किसी बात पर किसी न्यायालय में आपत्ति नहीं की जायेगी सिवाय इसके कि यह कार्य इस अनुच्छेद में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार नहीं किया गया है। इसके अन्तर्गत हम न्यायालय के हस्ताक्षेप का बुलावा दे रहे हैं। क्योंकि यह देखना न्यायालय का काम है कि प्रक्रिया का उल्लंघन किया गया है या नहीं। प्रक्रिया दो तिहाई बहुमत अथवा पूर्व अनुमति तक सीमित नहीं होगी। सभा के गठन के बारे में भी वही प्रक्रिया अपनायी जा सकती है। प्रक्रिया के आधार पर यदि संविधान संशोधन अधिनियम पर आपत्ति की जा सकती है तो सामान्य विधियों के संबन्ध में तो यह निश्चित रूप से उठाई जा सकती है। इससे तो विधि न्यायालयों में मुकदमों की बाढ़ आ जायेगी। अनुच्छेद 122 में उल्लेख है कि प्रक्रिया के मामले सर्वथा सभा के आतंरिक मामले हैं तथा उनमें अध्यक्ष महोदय अथवा महोदय द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होता है। प्रक्रिया के मामले सभा के गठन पर भी लागू हो सकते हैं। अतः यह एक खतरनाक प्रस्ताव है।

खण्ड 21 भी संसद की प्रक्रिया से संबन्धित है। इससे विधि अधिनियमित करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय अथवा पीठासीन अधिकारी को दिये गये अधिकार समाप्त हो जायेंगे। सभा की प्रक्रिया विधि अधिनियमित करके नहीं अपितु क्रमिक विकास द्वारा निर्धारित की जाती है। पर अब तो यह समझा जायेगा कि पीठासीन अधिकारियों को सभा की प्रक्रिया के बारे में विधि अधिनियमित करने का कोई अधिकार नहीं है। इस विषय पर विचार किया जाना चाहिए। प्रश्न यह है कि क्या यह अधिकार सभा से वापस लिया जाना चाहिए ?

उपाध्यक्ष महोदय : क्या विकास में विधि सम्मिलित नहीं है।

श्री सी० एम० स्टीफन : विकास का यह अभिप्राय नहीं है। परन्तु इस बारे में सन्देह क्यों रखा जाये। आज 25 वर्ष पश्चात् हमें अपने सदन में हाउस आफ कामन्स के उदाहरण नहीं देने चाहिए।

विधेयक में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का उल्लेख अनावयक है । अनुच्छेद 19 के उपखंड (2) में तथा उससे आगे भी इन पर चर्चा की गई है । आंतरिक गड़बड़ी के लिए किसी कार्य के किये जाने को राष्ट्रविरोधी मानना ठीक नहीं ।

सरकार को राष्ट्र विरोधी गतिविधियां और 'राष्ट्रविरोधी संगठन' शब्दों की परिभाषा पर पुनः विचार करना चाहिए ।

नवम्बर, 1971 में हमारे निर्वाचन के तुरन्त बाद हमने गोलक नाथ मामले का, जिसके अंतर्गत मूल-अधिकारों में संशोधन करने के बारे में संसद के अधिकार को चुनौती दी गई थी, प्रभाव समाप्त करने के लिये 24वां संविधान संशोधन विधेयक पास किया गया था । यह मामला 1950 में शंकरी प्रसाद के मामले में तथा 1954 में सज्जन सिंह के मामले में भी उठा था जिनमें संसद की शक्ति स्वीकार की गई थी ।

हमने गोलकनाथ मामले में उठाई गई प्रत्येक आपत्ति का उत्तर देने का प्रयत्न किया और हमने संविधान में सम्बन्धित प्रावधानों में संशोधन किया ।

गोलकनाथ के मामले में तो न्यायालय यह कह कर चुप हो गया कि संसद मौलिक अधिकारों में परिवर्तन नहीं कर सकती परन्तु केशवानंद भारती के मामले में यह निर्णय दिया गया कि संसद मौलिक अधिकारों में तो परिवर्तन कर सकती है लेकिन आधारभूत ढांचे में परिवर्तन नहीं कर सकती । यदि संसद आधारभूत ढांचे में परिवर्तन करती है तो इसे अवैध समझा जाएगा । इस प्रकार न्यायालय ने हमारे ऊपर कई प्रतिबन्ध लगा दिए ।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि सांविधिक शक्ति दो प्रकार की है । संविधान बनाने की सांविधिक एक बात है और संविधान में संशोधन करने की सांविधिक शक्ति दूसरी बात है । संविधान बनाना संसद की अन्तर्निहित शक्ति है जबकि संविधान में संशोधन करने की शक्ति ग्रहण की गई शक्ति हैं। यह शक्ति सीमित है । प्रधानमंत्री के चुनाव के मामले में भी न्यायालय ने 39वें संशोधन को रद्द कर दिया ।

वर्ष 1971 में हमने संविधान (संशोधन) विधेयक पास किया लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने उसे भी रद्द कर दिया ।

अब प्रश्न यह उठता है कि इसका समाधान क्या है ? अनुच्छेद 326 का संशोधन इसका हल नहीं है । ऐसी कोई स्थिति अवश्य होनी चाहिए जहां कि इसे हल किया जा सके । जब तक संसद् और सर्वोच्च न्यायालय के बीच यह विवाद हल नहीं होगा, तब तक राष्ट्र प्रगति नहीं कर पाएगा । वर्तमान कानून से हम तभी बंध सकते हैं यदि संविधान का संशोधन करने का प्रयास किया जाए । संविधान का पुनर्निर्माण भी सम्भव है और इसके लिए सभा की शक्ति या अधिकार बहुत असीमित है ।

मैं संविधान सभा को बुलाए जाने का आग्रह नहीं कर रहा हूं । संसद् अपने संवैधानिक अधिकारों और अपने आपको प्राथमिक संविधान प्राधिकरण के रूप में परिवर्तित करने का अधिकार है और वह संविधान को बदलने तथा इसका पुनर्निर्माण करने के लिए पूरी तरह सशक्त है ।

हमें याद रखना चाहिए कि हम भारत के संविधान का संशोधन कर रहे हैं। प्रसिद्ध व्यक्तियों और देश भक्तों ने इसका प्रारुप बनाया है । अतः यह संशोधन सब कुछ देखकर ही करना चाहिए । मैंने भी अपना संशोधन पेश किया है । मन्त्री महोदय से मेरा अनुरोध है कि वह मेरे संशोधन पर गम्भीरता से विचार करें ।

हम प्रस्तावना के माध्यम से जनता की इच्छाओं, आकांक्षाओं और भावनाओं की अभिव्यक्ति कर रहे हैं । हम प्रस्तावना में विशिष्ट शब्द जोड़कर एक नया मार्ग बना रहे है । प्रश्न केवल यह है कि कठिनाइयों को किस प्रकार दूर किया जाए और इसके लिए राष्ट्रीय चर्चा आवश्यक है ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं संविधान (44वां संशोधन) विधेयक का समर्थन करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : इससे पहले कि मैं अगले वक्ता को बुलाऊं, मैं सदन का ध्यान एक विशिष्ट मामले की ओर दिलाना चाहता हूं। कल श्री मूलचंद डागा ने प्रस्ताव को संयुक्त समिति को भेजे जाने वाले विधेयक के बारे में संशोधन पेश करते हुए यह कहा था कि उन्होंने उन सदस्यों की सदमति ले ली है जिन्हें वह संयुक्त समिति में शामिल करना चाहते हैं। इस बारे में श्री भोग्रेन्द्र झा और श्री प्रिय-रंजनदास मुंशी ने स्पष्टीकरण देने की बात कही है। अब सदन की परम्परा यह रही है कि जब तक सदस्यों की लिखित सहमति न ले लें तब तक सभा में प्रस्ताव पेश नहीं किया जा सकता। चूंकि दो सदस्य स्पष्टीकरण देना चाहते हैं ; उन्हें अवसर देना उचित होगा।

श्री भोगेन्द्र झा (जयनगर) : तथ्य तो यह है कि श्री डागा ने न तो मेरी लिखित और न ही मौखिक स्वीकृति ही ली है। इस प्रकार उन्होंने सदन में गलत वक्तव्य दिया है।

माननीय सदस्यों ने सही ही कहा है कि यह एक विशेष सत्र है और इस सत्र में हम संसद् की सर्वोच्चता तथा संसद् द्वारा संविधान में संशोधन करने के अधिकार पर बल दे रहे हैं। लेकिन सदन से बाहर और संसद के अन्दर कुछ ताकतें संसद के इस अधिकार को नहीं मानती हैं। कुछ सदस्य संसद का बहिष्कार तक कर रहे हैं। जहाँ तक सदस्यों के नाम बिना सहमति के शामिल करने का प्रश्न है, श्री डागा की भर्त्सना की जानी चाहिए और उनका संशोधन अमान्य घोषित किया जाना चाहिए।

श्री प्रिय रंजन दास मुंशी (कलकता दक्षिण) : मैं इस बारे में पहले ही अध्यक्ष महोदय को लिख चुका हूं। श्री डागा हमारे मित्र हैं और सदन के सम्मानित सदस्य हैं। यह सही है कि मुझे इस बात का पता नहीं था कि मेरा नाम शामिल नहीं किया गया है। मेरा इस मामले से कोई सम्बन्ध नहीं है। और न ही मैं उनके प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

श्री एन० श्रीकान्तन नायर (क्विलोन) : यह एक महत्वपूर्ण विधान है। यदि कुछ सदस्यों ने इसे संयुक्त समिति को भेजने की बात कही भी हो, तो उनका यह कहना स्वाभाविक हैं। वस्तुतः मेरी भी यही राय है कि इसे संयुक्त समिति को भेजा जाए।

इस विधेयक को पेश करने के लिए सरकार बधाई की पात्र है।

विधेयक के उद्देश्य और कारण बताने वाले कथन में यह कहा गया है कि इसका उद्देश्य आर्थिक सामाजिक क्रान्ति के उद्देश्यों की पूर्ति करना है जिससे निर्धनता, अज्ञानता, रोग तथा अवसरों में असमानता दूर होगी। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए नीति निदेशक सिद्धांत और व्यापक बना दिए गए हैं और ये मौलिक अधिकारों के बारे में पूर्वोदाहरण बन गए हैं। संविधान का अनुच्छेद 19(च), जो सम्पत्ति के अधिकार के बारे में है, समाजवाद की विचाराधारा के अनुरूप नहीं है। अब चूंकि प्रस्तावना में 'समाज-वाद' शब्द अन्तःस्थापित किया गया है, इसलिए अनुच्छेद 19(च) मौलिक अधिकारों से अलग किया जाए और इसे सामान्य विधि में शामिल किया जाए। यदि यह सभा संविधान के समाजवादी उद्देश्यों की घोषणा करने के बारे में सत्यनिष्ठ है तो हमें अनुच्छेद 19(च) अर्थात् सम्पत्ति का अधिकार, संविधान से निकाल देना चाहिए।

काम करने का अधिकार मौलिक अधिकार है जो प्रत्येक समाजवादी संविधान में होना ही चाहिए। सरकार काम करने के अधिकार को दिए बिना नागरिक पर मौलिक अधिकारों का भार किस प्रकार लाद सकती है ? काम करने का अधिकार संविधान के अन्तर्गत होना ही चाहिए।

खण्ड 6, 23, 24, 25, 30, 40 और 58 में उच्च न्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालयों के अधिकारों के नियन्त्रण के बारे में है । उच्च न्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालयों के न्यायाधीशों का दर्जा बहुत घट गया है । विधि आयोग ने भी यह स्वीकार किया है और कहा है कि इस सम्बन्ध में कुछ न कुछ अवश्य ही किया जाना चाहिए । सरकार को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या न्याय पालिका को भी निर्वाचित किया जा सकता है जैसा कि स्विटज़रलैंड और सोवियत संघ में किया गया है । इस तरह हम उन पर कुछ नियन्त्रण कर सकते हैं और उनकी भी अपनी विचारधारा भी होगी । अतः न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रणाली किसी न किसी प्रकार बदलनी ही होगी । उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का निर्वाचन करने के प्रश्न पर गम्भीरतापूर्वक विचार किया जाना चाहिए ।

खंड 43--अनुच्छेद 57 क संघीय संविधान की संकल्पना को समाप्त करती है । सरकार को ऐसी शक्तियां प्राप्त करने की क्या आवश्यकता पड़ी है जिनमें राज्य सरकारों की सलाह के बिना वहां सेना तैनात कर सकती है । जब कोई ऐसी घटना नहीं घटी है जहां कि राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार के निदेश की अवमानना की हो तो ऐसे प्रावधान की क्या आवश्यकता है । यदि सशस्त्र सेनाएं भेजने के अधिकार पर जोर दिया गया तो यह अधिकार पूर्णतः संसद् को होना चाहिए, कार्यपालिका को नहीं अन्यथा इस अधिकार का दुरुपयोग भी किया जा सकता है ।

शिक्षा को समवर्ती सूची में रखने के विषय को लेकर अहिन्दी भाषी क्षेत्रों में असन्तोष व्याप्त है । इससे दूसरी भाषाओं को दबाया जा सकता है । शिक्षा को समवर्ती सूची में रखना अत्यन्त आपत्ति-जनक है । इस पर पुनः विचार किया जाना चाहिये ।

ऐसी भी शंका व्यक्त की जा रही है कि निर्वाचन आयोग के पास शक्ति का संकेंद्रण हो गया है। जहां तक दंड और अयोग्यताओं का सम्बन्ध है, इस विधेयक में स्वर्णसिंह समिति द्वारा दिये गये सुझावों से भी आगे बढ़ कर उपबंध किये गये हैं । इसका राजनीतिक अस्त्र के रूप में प्रयोग किया जा सकता है ।

मेरे लिए ही नहीं प्रत्येक लोकतांत्रिक के लिए खंड 5 बहुत खतरनाक है जिसका सम्बन्ध अनुच्छेद 31(घ) के साथ है ।

राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों की समुचित परिभाषा न होने से व्यक्तिगत आजादी को खतरा पैदा हो गया है । कोई भी सत्ताधारी दल किसी भी विपक्षी दल या संगठन पर प्रतिबंध लगा सकता है । यह राजनीतिक कार्यकर्ताओं, कार्मिक संघ के कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों के अधिकारों पर घातक प्रहार है ।

श्री वसंत साठे (अकोला) : मैं विधेयक का स्वागत करता हूं । इस ऐतिहासिक दस्तावेज के लिए मैं सरकार और विधि मंत्री जी को बधाई देता हूं । इस विधेयक से हमें आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त होगी ।

25 वर्षों का अनुभव हमें बताता है कि हमारे संविधान में निहित निदेशक सिद्धांत स्पष्टतया जनता की गरीबी दूर करने का ही घोषणापत्र हैं तथापि आर्थिक सुधार अथवा आर्थिक विकास के लिए जो भी प्रयास किये गये वे सम्पत्ति के अधिकार से टकरा कर विफल हो गये । अनेक सदस्यों द्वारा दिया गया यह सुझाव विचारणीय है कि सम्पत्ति का अधिकार यदि बिल्कुल ही समाप्त न किया जाये तो कम से कम उसकी परिभाषा तो कर ही देनी चाहिये ।

यदि हम समाजवादी समाज की स्थापना करना चाहते हैं तो हमें प्रस्तावना में उसे स्पष्ट कर देना चाहिये। ताकि शोषण मुक्त समाज की स्थापना की जा सके । यदि यह हमारा उद्देश्य हो तो समूचा राष्ट्र एक हो कर खड़ा हो जायेगा । शायद इसीलिए समाजवाद शब्द को प्रस्तावना में रखा गया है ।

मुझे बड़ी हैरानी होती है जब विपक्षी दल वाले कहते हैं कि हमें जनता का विश्वास प्राप्त नहीं । क्या इसलिए कि लोक सभा की अवधि बढ़ा दी गई है । लेकिन अवधि बढ़ाये जाने के लिए भी वे ही उत्तरदायी हैं । हम तो निर्वाचन के लिए तैयार थे पर उन्होंने ही ऐसी परिस्थितियां पैदा कर दीं ।

यह कहना गलत है कि न्यायालयों के अधिकार समाप्त किये जा रहे हैं । इस विधेयक ने तो उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के अधिकार इतने बढ़ा दिये हैं कि जिससे न्यायाधीशों की संख्या बढ़ानी पड़ेगी ।

समूचे विधेयक को तीन खण्डों में विभाजित किया जा सकता है । एक वर्ग का सम्बन्ध सामाजिक आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति से है । खण्डों के दूसरे वर्ग का सम्बन्ध न्यायपालिका तथा संसद की शक्तियों में उत्पन्न असंतुलन तथा भ्रान्ति को दूर करने से है । तीसरे वर्ग का सम्बन्ध उन संशोधनों से है जो देश की एकता और अखण्डता के संरक्षण तथा समेकन हेतु हैं और जिनसे जनता द्वारा निर्वाचित सरकार, लोकतंत्र तथा व्यवस्थित कार्यकरण को सुनिश्चित करना है ।

विधेयक को प्रवर समिति को सौंपने की बात केवल तभी कही जा सकती है यदि कुछ खंड ऐसे हों जिनके बारे में सभा कोई निर्णय न ले सकती हो और एक छोटी-सी समिति इस पर पूर्ण विचार कर सकती हो । इस विधेयक पर विचार करने के लिए हम सभी सदस्यों को पूरा अवसर मिल रहा है । अतः इसे संयुक्त समिति को या प्रवर समिति को सौंपने का प्रश्न ही नहीं उठता ।

संविधान के किसी भी अनुच्छेद के अन्तर्गत आप संविधान सभा का गठन नहीं कर सकते । संविधान सभा बनाने की कोई आवश्यकता भी नहीं है । ऐसा करने से तो हास्यस्पद स्थिति पैदा कर देंगे । अनुच्छेद 3 से 8 में संविधान के संशोधन करने की प्रक्रिया स्पष्ट रूप से दी हुई है । इसके अतिरिक्त संविधान सभा की सदस्यता के बारे में अनेक बातें उठ खड़ी होंगी । क्या इसमें निर्वाचित सदस्य लिए जायें या सदस्य संख्या क्या रखी जाये आदि । धार्मिक, भाषायी, साम्प्रदायिक आदि सभी तरह के विवाद उठ खड़े होंगे । इस लिए संविधान सभा को बुलाने का प्रस्ताव घातक सिद्ध हो सकता है ।

यह नौकरशाही जो हमारे मार्ग में बाधा उत्पन्न करती हैं, संविधान सभा का विचार उसी का दिया हुआ है । लेकिन लोकतंत्र में नौकरशाही को हमारी बात माननी होगी क्योंकि हमें जनता की स्वीकृति प्राप्त है ।

हमारे कुछ आधारभूत मापदण्ड हैं हम उन्हीं मापदंडों को संविधान के अन्तर्गत रखना चाहते हैं । कर्त्तव्यों वाला अध्याय बड़े सुन्दर ढंग से तैयार किया गया है । वे हमारे मार्गदर्शी सिद्धांत है, आचार संहिता है जिसे प्रत्येक नागरिक को बचपन से ही ध्यान में रखना होगा ।

हमें अपने को अवसर के अनुकूल सिद्ध करना होगा । यह ऐतिहासिक दस्तावेज है जिसे शीघ्रातिशीघ्र पास किया जाना चाहिये ।

श्री एच० एन० मुकर्जी (कलकता उत्तर-पूर्व) : मैं श्री साठे से पूर्णतया सहमत हूं । आशा है कि सभा संविधान सभा बनाने के सुझाव पर बिल्कुल ध्यान न देगी । श्री स्टीफन ने यह आशंका व्यक्त की है कि इस विधेयक से न्यायाधीश विक्षुब्ध हो जायेंगे और उनका संसद से टकराव हो जायेगा । वे संवैधानिक संशोधनों को स्वीकार नहीं करेंगे । लेकिन ऐसा किसी प्रकार का भय नहीं होना चाहिये । बैंकों के राष्ट्रीयकरण और प्रिवी पर्स बंद करने के मामलों में भी न्यायालयों ने विरोध किया था । पर उसका क्या परिणाम निकला ।

मुझे इस बात की बड़ी चिंता है कि संसद की भूमिका के बारे में भी सन्देह व्यक्त किया जा रहा है। कांग्रेस दल के भीतर भी ऐसे लोग हैं जो संसद के अधिकारों के बारे में अनभिज्ञ हैं। संसद को पूर्ण अधिकार है कि वह संविधान में आवश्यकतानुसार संशोधन करे।

यह कहना ठीक नहीं कि संसद जन समर्थन खो चुकी है। विधि मंत्री ने सही कहा है कि जन समर्थन अभी भी हमारे साथ है। हमारे सामने सामाजिक-आर्थिक कार्यक्रम हैं जिन्हें पूरी ईमानदारी के साथ पूरा किया जाना है। यह विधि की केवल शाब्दिक व्याख्या है कि लोक सभा की अवधि बढ़ाई गई है। सब को मालूम है कि सभी के विचार जानने के बाद यह अवधि बड़ाई गई है। हमें विधि के शब्दों और भावना के अनुसार पूर्ण जन समर्थन प्राप्त है।

इस विशेष संवैधानिक संशोधन के माध्यम से सरकार वास्तव में क्या करना चाहती है। इस संबंध में कुछ कारणों से देश में कुछ गलत फहमी है और हमारे दल ने यह स्पष्ट रूप से कहा है कि इस विधेयक में विशेषताएं तो हैं किन्तु इसे इस रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। हम इस विधेयक को अस्वीकार नहीं कर रहे हैं। वास्तव में हमने इसका स्वागत ही किया है लेकिन इसमें कुछ ऐसी बातें हैं जिन्हें त्यागना ही होगा। इसमें कुछ ऐसे उपबन्ध हैं जिनका संशोधन करना होगा।

यह अच्छी बात है कि अन्ततोगत्वा इस देश की सरकार वास्तविक शक्ति और विश्वास के साथ 'संवैधानिक प्रक्रिया पर संसद के नियंत्रण' के सिद्धांत पर बल दे रही है। सरकार को इस संबंध में कुछ संकोच था। तीसरी संसद में भी जब श्री नाथ पाई ने अपना विधेयक पेश किया था तो कुछ सदस्यों ने अपना विरोध प्रकट किया था और इसी कारण विधिवेत्ताओं ने इन मामलों पर चर्चा की थी।

फिर कुछ राजनीतिक पीड़ित सामने आये और उन्होंने हमारी न्यायपालिका को हमारे नागरिक अधिकारों का सर्वोच्च रक्षक बताया। इन दोनों बातों के कारण जनता के दिमाग में एक विचार बना कि कुछ स्वतन्त्रता आदि के लिये संसद की अपेक्षा न्यायपालिका पर अधिक विश्वास किया जा सकता है। अल्पसंख्यकों के अधिकारों के बारे में आशंका व्यक्त की गई है। कहा गया है कि कोई भी सरकार सत्तारुढ़ हो, अल्पसंख्यक उसकी दया पर होंगे और केवल न्यायाधीश ही उनकी रक्षा कर सकते हैं। यदि देश में किसी एक समुदाय विशेष के विरुद्ध वातावरण है तो देश के जनमत के अलावा जिसका प्रतिनिधित्व सरकार करती है उसकी रक्षा कौन कर सकता है, और जनता की राय जानने के लिये चुनावों के अलावा और कोई तरीका नहीं है। इसलिये जिन्हें जनता चुनती है उन्ही पर विश्वास किया जाना चाहिये। न्यायाधीश लोगों की रक्षा नहीं कर सकते। न्यायाधीश तो वे लोग होते हैं जो वर्तमान स्थिति को स्पष्ट करते हैं, वे उससे अधिक कुछ नहीं कर सकते। लेकिन कानून को विस्तृत बनाना होगा। इसलिये अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिये न्यायिक पहलू की बजाय हमें राज्य के राजनीतिक पहलू पर निर्भर रहना होगा।

प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्म निरपेक्ष' शब्दों को शामिल किया गया है। हमने इसका स्वागत किया है। किन्तु हमें यह देखना चाहिये कि क्या हमने इस प्रकार जनता के साथ कोई धोखा तो नहीं किया है। समाजवाद कोई उपलब्धि नहीं है; यह तो केवल एक महत्वाकांक्षा है। समझ में नहीं आता कि सरकार सम्पत्ति के मूल अधिकार को हटाने के विचार से क्यों बचना चाहती है। कोई भी यह न समझे कि मार्क्सवादी ऐसे लोग हैं जो सम्पत्ति के अधिकार पूर्णतया विरुद्ध हैं। रूस और चीन समेत अन्य समाजवादी देशों में व्यक्ति के सम्पत्ति के अधिकार का सदैव आदर किया गया है। परन्तु सम्पत्ति पर निरंकुश अधिकार नहीं होना चाहिये, वरना न्यायालय इसकी व्याख्या उसी तरह करेंगे जिस तरह की हमारे बड़े-बड़े वकील कानून की व्याख्या करते हैं। प्रधानमंत्री को इस ओर ध्यान देना चाहिये।

[श्री जी० विश्वनाथन् पीठासीन हुए
Shri G. Viswanathan in the Chair.]

राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की बात जो सरकार ने इस विधेयक में शामिल की है, ठीक नहीं है। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को रोकने के नाम पर निस्संदेह गरीब जनता को ही अधिक यातना उठानी पडी है। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में प्राय: धनी लोग ही लगे रहते हैं। परन्तु उन्हें एक निश्चित सीमा से अधिक तंग नहीं किया जा सकता। गरीब लोगों को तो हर समय तंग किया जाता है।

क्या लोगों ने अनुशासन के लिये प्रधानमंत्री की अपील स्वीकार नहीं की है। लोगों ने स्वेच्छा से इसे स्वीकार किया है। उन पर जबरदस्ती नहीं थोपा गया है। इसी कारण लोगों पर विश्वास किया जाना चाहिये।

लोक सभा के कार्यकाल के लिये 6 वर्ष की अवधि का प्रस्ताव किया गया है। पांच वर्ष की अवधि काफी लम्बी अवधि समझी गई है। इसके बाद ही एक उपबन्ध यह है कि आपात स्थिति में इसके कार्यकाल को बढ़ाया जा सकता है। फिर हम इसके कार्यकाल को 6 वर्ष के लिये क्यों बढ़ायें और इस प्रकार चुनावों के समय अपनी आलोचना कराने का भय मोल क्यों लें? मैं यह भी कहना चाहता हूं कि फिरोज़ गांधी अधिनियम को पुन: जीवित किया जाये ताकि संसदीय कार्यवाही के छपने पर कोई प्रतिबन्ध नहीं हो।

हमारा संविधान बहुत बड़ा है और यह भारत सरकार अधिनियम 1935 पर आधारित है। यह विधियों का जनक है यदि इसके अनुच्छेदों से ऐसा लगे कि राष्ट्रपति को विशेष शक्ति प्राप्त हैं जिसे वह विशेष प्रकार से उपयोग में ला सकता है। तो उन्हें संविधान में स्थान नहीं देना चाहिए। जनता सरकार के साथ सहयोग करने को उद्यत है परन्तु आपके कानून जनता की इच्छाओं के अनुकूल होने चाहिए।

Shri Bhagwat Jha Azad (Bhagalpur) : The people in our country ask as to why should there be delay in amendment of Constitution. It is true that there are a few individuals and groups who do not want the constitution be changed. But an overwhelming majority of the people want that the present constitution must undergo dynamic changes in order to meet the requirements of the people and to meet the needs of changing lines. Our Prime Minister has asserted in her meetings and conferences that the constitution is for the people and it has get to be amended in order to meet the aspirations of the people. In fact it is the voice of our masses which has completed the ruling party to bring forth this amending Bill.

It has been alleged by certain individuals and opposition parties that the, Congress party has no mandate to amend the Constitution. A glance at the election manifesto of the Congress party for 1971 shows that is promised that the Constitution would be further amended in order to overcome the infediments in the path of social justice. The Congress party promised to remove poverty by removing constitutional hurdles. Thus the congreess, party had received a clear mandate from the people to amend the constitution.

It has been alleged by the opposition parties that the ruling party has extended the life of the Lok Sabha for one year. The term has been extended in accordence with the provisions of the constitution. The constitution specifically provided that in case of emergency the life of Lok Sabha could be extended. This charge is, therefore baseless.

It must be remembered that we were amending the constitution so that the five basic requirements *i.e.* food, clothing, housing, health and education of our people. could be met.

It is a fact that the constitutions which did not fulfil the aspirations of the people had disappeared. The constitution of India was not a stumbling Bleek in the way to progress but it is a dynamic instrument which represented the hopes and aspiriation of the people. It is a living and flexible document. It has been amended fourty three times so far . This is forty fourth amendment . So there should be no objection to this. It is indeed a great day for the Parliament when that historic amendment is being made in our constitution. Congress Party and its leader deserve congratulation for this.

Recent pronouncements of the Supreme Court in regard to some of the provisions of the constitution have been very disturbing and had really distanted our constitution. Although the effect of Judgment in the Golaknath case has been set right by the Parliament but the judgement delivered in Keshwanand Bharati case is still there. It say that the Parliament has no powrs to change the basic structure of the constitution. But what is the basic structure of the constitutions. The judgement is silent on that issue. It has, therefore, become inperative to amend the Constitution in a big way so that judiciary may not stand in the way to progress.

It has been said that the Prime Minister has all powers. The opposition members were saying that at least Shrimati Indira Gandhi must go. A number of Consipracies were hatched. Intimately Emergency was declared. The prices have come down after the declaration of emergency. I do not say that everything has been set right, but things have improved. What objection do these people have when we amend the constitutions with two thirds majority. The fate of 60 crores of people should not be decided with one vote majority in the Supreme Court. The Judges are competent people. If they do not change with time we would have to bring 45th and 46th amendments. These matters have been subject of debate for 5–6 years.

It became necessary to clerify clause 368, that the Parliament can amend any part of the constitution. If the Judges do not pay feed to the call of the time even now, then the Parliament is Supreme. We have been sent here by the people. This house has elected the Prime Minister and the President. We are changing the Constitution in the interest of the people.

I cannot understand as to why fundamental rights should have precedence over directive principals. This basically was a wrong approach. Now this anomaly has been removed. It is a step in the right direction.

The fourth estate, *i.e.* the Press in the hands of industrialists is working against the Government and the people.

The Property right should have been removed from the fundamental rights. Our constitution would become complete only after imposing restraints on properly rights. Article 311 of the Constitution which gives unrestricted rights to I.A.S. and I.P.S. Officers should be deleted from the Constitution. I have submitted a separate amendment in this regard. Article 31 should also be removed. The amendments made are welcome and revolutionary. The laws made would not now be subject to challenge in Supreme Court under Articles 14, 19 and 31.

For the first time duties have been introduced in the constitution. This is a salutary step. These duties aim at ameliarating the lot of workers and weakers sections of our population.

It is being said that there has been curtailment of rights of the courts. But the feet is that there has been curtailment of the rights of Supreme Court and High Courts. So for every Central Act could be challenged in any High Court of the country. But now it could be challenged only in the Supreme Court.

It is being said that power of writs under Art. 226 is being. minimised Four lakh writs are pending in different courts. If a Tax evader is Leed by the Government immediately a writ is accepted by the court. Now the words 'any other purpose' are being withdrawn from this clause. The withdrawal of the words 'any other purpose' was proposed by Shri Jawahar Lal Nehru on 22 May, 1954. This would put a check on various kinds of cases in Indian Courts. The capitalists and the vested interests are making a false propaganda that the rights of the courts are being curtailed . The consipracies of these people would never succeed.

There has been gains of emergency. The Emergency was imposed when the opposition did not allow the Lok Sabha to function for two years.

The President should be empowered to promulgat emergency in any part of the Country where conditions may require it.

Then I fully support the amendment to Article 257. It is appropriate to send Central armed force to any state which is disturbed due to internal strife. I also welcome the proposal to bring education in the concurrent list.

The Prime Minister has rightly said that a change is bound to come and if it is not brought about by peaceful means, there will be bloody revolution.

We do not want the sky scrappers to be pulled down but we certainly will not allow more storeys to be added to there unless the small huts are also turned into good buildings. This is the aim of our socialism and the Directive Principles of our constitution. We want revolution in order to provide food, cloth, accommodation, health and education the five basic necessasities of human beings.

Socialism is the need of the hour. We have realised this fact and have decided to change the Constitution accordingly.

श्री इब्राहीम सुलेमान सेट (कोजीकोड) : सभापति महोदय यह एक ऐतिहासिक सत्र है। हमने एक महान कार्य करने का बीड़ा उठाया है। मैं संविधान संशोधन विधेयक का विरोध करने या संसद के अधिकार को चुनौती देने या संविधान सभा को बुलाने की मांग करने के लिए नहीं कहना चाहता। लेकिन मैं यह अवश्य चाहता हूं कि जो इतने महत्वपूर्ण संशोधन संविधान में किये जा रहे हैं उनका गहनता से अध्ययन किया जाये।

मैं मानता हूं कि संविधान पर पुनर्विचार की जरूरत है पर देश में जो भय का वातावरण छाया हुआ है उसे पहले दूर किया जाना चाहिये। देश के हित में महत्वपूर्ण संशोधन करने का जो कार्य आपने आरम्भ किया है, हम उसमें अपना उत्तरदायित्व निभाने को पूरी तरह तैयार हैं।

संविधान का एक गतिशील दस्तावेज होना जरूरी है पर ऐसा करते समय हमें यह ध्यान अवश्य रखना चाहिये कि कार्यपालिका के पास इतनी शक्ति न हो जाये कि वह निरंकुश हो जाये। लोकतंत्र में न्यायपालिका और संसद में स्वस्थ संतुलन रहना चाहिये क्यों कि न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधान मंडल लोकतंत्र के तीन स्तम्भ हैं। इसलिये यदि विधानमंडल पर से सभी नियंत्रण हटा लिए गये तो नौकरशाही निरंकुश हो जाएगी।

निदेशक सिद्धांतों को जरूरत के अनुसार बदलना चाहिये। इसलिए इस परिवर्तन का तो स्वागत ही किया जाना चाहिये। लेकिन जहां तक मूलभूत अधिकारों का प्रश्न है, उन्हें स्थायी होना चाहिये जिनका उल्लंघन न किया जाए क्योंकि अल्पमतावलम्बियों का उनसे सीधा संबंध है।

संविधान की प्रस्तावना में संशोधन का मैं पूरा समर्थन करता हूं। यह सावधानी बरतनी आवश्यक है कि धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद को ध्यान में रखते हुए अल्पमतावलम्बियों के अधिकारों की पूर्ण रक्षा की जाये। संसद का यह दायित्व है कि वह यह देखे कि अल्पसंख्यकों को समान अवसर मिले ताकि वे दूसरों के बराबर अपना विकास कर सकें और इससे हम इस देश में कल्याणकारी समाज की स्थापना कर सकें।

जहां तक बुनियादी कर्त्तव्यों का सम्बन्ध है, मूलभूत कर्त्तव्यों संबंधी अध्याय में यह उपबंध किया गया है कि "सभी प्रकार की साम्प्रदायिकता का त्याग करो और निदेशक सिद्धांतों को कार्यान्वित करने

में सहायता एवं सहयोग करो"। लेकिन यह आपत्तिजनक है। मुझे खुशी है कि सर्वश्री स्वर्णसिंह, एच० आर० गोखले और ओम मेहता जी से बातचीत करने के बाद शंका का निवारण हो गया है और दाण्डिक उपबंध दूर किये गये हैं।

विधेयक के खण्ड 4 में अनुच्छेद 31(ग) में संशोधन करने का प्रस्ताव है। यह हमारे मूल अधिकारों के लिए घातक है। यहां मूल अधिकारों के ऊपर निदेशक सिद्धांतों को लाने की बात कहीं गई है। इससे लोकतंत्र और धर्म निरपेक्षता के ढांचे में काफी दरार पैदा हो जायेगी। यह तो पश्चमगामी उपाय है।

राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का सामना करने संबंधी खंड 5 केवल अनावश्यक ही नहीं बल्कि उसके प्रतिकूल भी है। गैर-कानूनी गतिविधियां (निवारक) अधिनियम तो पहले ही मौजूद है। अतः संविधान में उसके लिए उपबंध करने की क्या आवश्यकता है। इससे तो स्थानीय अधिकारियों को यह निर्णय करने का अधिकार मिल जायेगा कि कौन सा संगठन राष्ट्र विरोधी है कौन सा नहीं।

संविधान में वर्तमान अनुच्छेद 226 के प्रतिस्थापन के लिए खंड 38 में प्रस्ताव है। "कोई अन्य प्रयोजन" शब्द हटाये जाने से कठिनाइयां उत्पन्न हो जायेंगी। गंभीर अन्याय होने या सांविधिक विधि के उपबंधों का उल्लंघन होने जैसे मामलों में भी लोगों का उच्च न्यायालय में जाना कठिन हो जायेगा। यदि इन शब्दों को हटाना हो तो उनके स्थान पर एक नया उपखंड जोड़ना चाहिये, जिससे लोगों को न्याय मिल सके और कार्यपालिका की मनमानी से जिनके साथ अन्याय हुआ हो, उन्हें न्याय दिलाया जा सके।

जहां तक मुसलमानों के वैयक्तिक कानून के संरक्षण का संबंध है, यह समस्या तो सदैव संवेदनशील रही है। संविधान सभा के सम्मुख संविधान का प्रारूप प्रस्तुत किये जाने के समय से लेकर आज तक मुसलमान अपनी चिंता व्यक्त करते आ रहे हैं। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विधि मंत्री आज तक आश्वासन देते रहे हैं कि इस कानून में हस्तक्षेप नहीं किया जायेगा। अब निदेशक सिद्धांतों संबंधी भाग-4 में से अनुच्छेद 44 का लोप कर भारी परिवर्तन कर रहे हैं। इस से वातवरण बेहतर बनेगा।

श्री के० नारायण राव : मेरा सुझाव है कि अनुच्छेद 44 को पूरी तरह से न हटाया जाये क्यों कि हो सकता है भविष्य में उदारवादी मुसलमान स्वयं इस बात की मांग करें कि वैयक्तिक कानून की संविदा तैयार की जाये।

श्री इब्राहीम सुलेमान सेठ : हम तो पाक कुरान और सुन्ना की बात मानते हैं। इसलिए ऐसी मांग उठने का प्रश्न नहीं। परिवार नियोजन का जहां तक प्रश्न है, हमने स्पष्ट कर दिया है कि हमारा दल उसके विरूद्ध नहीं है। लेकिन हम जबरदस्ती नसबंदी के विरूद्ध हैं। लेकिन जबरदस्ती की जा रही है। इससे गंभीर स्थिति उत्पन्न हो रही है। सेवाओं, उद्योगों और सरकारी संस्थानों में मुसलमानों को समान अवसर दिये जाने चाहिए।

Shri R. S. Pandey (Rajnandgaon) : Sir, the opposition parties and the Courts did not lag behind in obstructing the implementation of our programmes to help the poor. That is why shri Gokhle came forward with 43rd and 44th Constitution Amendment Bills. I Congratulate both Shri Gokhale and Sardar Swaran Singh and fully support the inclusion of "Secularism and Socialism" in the Preamble of the Constitution.

We will not be able to achive the goal of socialism unless there is unity in our country. It is necessary to make this addition because adequate safeguards have to be provided so that anti-national forces may not be able to disrupt the unity of our country. The Government will have to remain alert in regard to these elements who have already inflicted a heavy below to our democratic functioning.

We have also made a mention about the fundamental duties proposed to be included in the Constitution. The enumeration of these duties will set forth a call to the citizens of the country that until they united ly fulfil their duties or obligations, it may not be possible to achieve the cherished goal. It has been said that there is no scope for making any changes in the Constitution as it is a sacrosanct document. But it cannot be made static, because it has to fulfil the aspirations of the people. In the Constituent Assembly Pandit Jawahar Lal Nehru had said that the first task of this Assembly is to free India through a new constitution, to feed the starving people and to clothe the naked masses and to give every Indian the fullest opportunity to develop himself according to his capacity. The Constitution has been given to the people with certain objectives which are to promote welfare and the interests of the people. But the judiciary has put hurdles in the implementation of these principles. It would have been befitting if Supreme Court which enjoys its supremancy through Parliament, would have recognised the supremacy of Parliament. Parliament is a Sovereign body and it has to provide full opportunity to the people for bringing about an all-round development. It is with these ideas that constitution had been framed and is now being amended.

So far as the right to property is concerned, it has been rightly said that it should be abolished. It can be a fundamental right to a limited extent only.

There is no basis to entertain any apprehension that these amendments will be challenged in a court of law. Parliament is supreme and fully empowered to make any amendments in the Constitution, which it deems necessary. I feel that there is no need for a Constituent Assembly or a joint Committee for the purpose.

With these words I support this Bill.

श्री एस० एन० मिश्र (कन्नौज) : मैं संविधान (संशोधन) विधेयक के अधिकांश खण्डों का समर्थन करता हूं, परन्तु कुछ बातें ऐसी हैं जिनकी ओर सभा का ध्यान जाना चाहिये । मैं कहना चाहता हूं कि किसी व्यक्ति के जीने के मूल अधिकार की तो रक्षा होनी ही चाहिये । किसी नागरिक के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा के लिये तो व्यवस्था की ही जानी चाहिये । मेरा व्यक्तिगत अनुभव यह है कि आंसुका के उपबन्धों का दुरुपयोग किया गया है ।

[अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए ।]
[Mr. Speaker in the Chair]

अतः मैं सरकार से अपील करता हूं कि इसके विरुद्ध उचित संरक्षण की व्यवस्था की जाये । अतः मैंने अनुच्छेद 31घ के साथ एक परन्तुक जोड़ देने संबंधी संशोधन का प्रस्ताव किया है । यह संशोधन आवश्यक है क्योंकि यदि कार्यपालिका यह समझती है कि उन्होंने किसी व्यक्ति को उचित तौर पर ही नजरबन्द किया है तो उसे मामलों को अदालत द्वारा जांच के लिये भेजने में संकोच नहीं करना चाहिये । ऐसा केवल तभी होता है जब कार्यपालिका समझती है कि उसका कोई कार्य अनुचित है और वह इस प्रकार की रोक लगा देती है कि आंसुका के अन्तर्गत आने वाले नजरबन्द व्यक्ति का कोई भी मामला अदालत में नहीं ले जाया जा सकता । अतः किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता और उसके जीने के अधिकार के संबंध में संरक्षण तथा गारंटी होनी चाहिये जो संविधान में दी गई है । अतः मैं समझता हूं कि इस उपबन्ध को अवश्य रखा जाना चाहिये ।

न्यायाधिकरण बनाने के बारे में विशेष कानून बनाना पड़ेगा । जब न्यायाधिकरण बनाये जाते हैं तो उनके निरीक्षण का अधिकार उच्च न्यायालय को होना चाहिये । न्यायाधिकरणों का सारा मामला उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के निरीक्षण में होना चाहिये । यह बात जनसाधारण के हित में है । परन्तु मालूम नहीं कि न्यायाधिकरणों को बनाने के पीछे, सरकार का क्या विचार है । यदि उसी विभाग में

से ही न्यायाधिकरण बन गया, तो उस में कौन विश्वास करेगा ? क्या आप यह आशा कर सकते हैं कि वे अपने लोगों का पक्षपात नहीं करेंगे ? अतः यह बहुत ही आवश्यक है कि इन मामलों की देखभाल का कार्य उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार तथा निरीक्षण में होना चाहिये। वर्तमान संशोधन के अनुसार जिन मामलों के लिये न्यायाधिकरण बनेंगे उन्हें समाप्त हुआ समझा जायेगा। विधि मंत्री ने बताया है कि जब तक न्यायाधिकरण नहीं बनता, तब तक मामला उच्च न्यायालय द्वारा ही निपटाया जायेगा। मेरे विचार में तर्क संगत बात तो यह है कि जो भी मामले किसी उच्च न्यायालय में विचाराधीन पड़े हैं उन्हें तो उच्च न्यायालय द्वारा ही निपटाया जाना चाहिये। भविष्य में जब न्यायाधिकरण बन जाये तो उन्हें यह काम सौंपा जा सकता है। कारण स्पष्ट है कि उच्च न्यायालय में जाने वाले लोग कोर्ट फीस दे चुके हैं और कई प्रकार का खर्चा कर चुके हैं। वे उसके निर्णय की प्रतीक्षा में हैं। यदि आप अचानक कहें कि मामला न्यायाधिकरण द्वारा सुना जायेगा तो गरीब मुकदमेबाज को वहां जाना पड़ेगा। अतः ठीक बात यह है कि ये मामले उच्च न्यायालय द्वारा ही निपटाये जायें।

पहली बार संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों संबंधी उपबन्ध भी जोड़ा जा रहा है। मेरे विचार में यह सब आत्मतुष्टि वाली बातें हैं और कुछ नहीं। मेरा मत है कि देश की शान्ति और समृद्धि के लिये 6 मौलिक सिद्धांत बड़े ही आवश्यक हैं जिन्हें मौलिक कर्त्तव्यों के रूप में जोड़ा जाना चाहिये। मेरे अनुसार ये कर्त्तव्य इस प्रकार हैं--धर्म निरपेक्ष प्रार्थना, सार्वजनिक जीवन में पवित्रता, समानता--- चाहे सरकारी उपक्रमों में हो या जीवन के अन्य पहलुओं में हो, पूर्ण शान्ति, उत्पादन और नियोजित परिवार। मुझे आशा है कि जहां तक मौलिक कर्तव्यों का सम्बन्ध है, ये सभी 6 बातें उसमें जोड़ी जायेंगी।

मैं अन्य मुख्य बातों के लिये विधेयक का समर्थन करता हूं।

Shri Hari Singh (Khurja) : The Constitution (44th Amendment) Bill, which is under consideration is a landmark in the Constitutional history of our country. It is of great significance for the Common people. Its main aim is to ensure better deal for millions of poor people in the country. This is a big step forward in the path of Socialism.

The poor people have not been able to get justice from courts because litigation is a costly affair. The poor people will not get free legal aid.

This amending Bill will prove a great success in achieving greater progress in the country. It contains courageous steps and suggestions to remove obstructions in our way for creating an atmosphere of equality in the country.

These amendments were debated in the country by doctors, advocates, Professors, M.LA,s., M.Ps. and other eminent persons. It is said that we have no right to amend the basic structure of the Constitution. I want to know which part of the Constitution is a basic one and which is not. In the 1971 elections to the Lok Sabha the Congress Party had promised to the people that they would bring Constitutional amendments. In that election the Congress won with a big majority. The ruling party has thus got a mandate from the people to bring about changes in the Constitution which are necessary to improve the lot of the common people.

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य अपना भाषण कल जारी रखेंगे।

सभा कल 11 बजे पुनः समवेत होने के लिये स्थगित होती है।

तत्पश्चात् लोक सभा बुधवार, 27 अक्तूबर, 1976/5 कार्तिक, 1898 (शक) के 11 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned till eleven of the clock on Wednesday, October 27, 1976/ Kartika 5, 1898 (Saka)

प्र०भा०स०मु०रि०रो०न०दि०—सैं० 2 दिन—13 एल०एस०एस/76—23-11-76—200
MGIPRRND—13 LSS/76—Sec. II-Day—23-11-76—200.